आज समाज
नई दिल्ली, रविवार, 05 फरवरी 2023

## खबर एक्सप्रेस

# बचाव, स्क्रीनिंग एवं शुरूआती जांच से कैंसर का निदान संभव: डॉ. निष्ठा



बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की यूथ रेडक्रॉस वह रेड रिबन क्लब की इकाइयों के द्वारा लक्ष्य वेलफेयर फाउंडेशन व मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल सेक्टर 16 फरीदाबाद के सहयोग से विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर कैंसर के निवारक उपाय विषय पर वार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता का विषय एक युद्ध कैंसर के विरुद्ध था। वार्ता के कार्यक्रम अध्यक्ष व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने बताया कि विश्व कैंसर दिवस पर वार्ता करवाने का मुख्य लक्ष्य कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना है। वार्ता में कुछ कैंसर योद्धाओं से रूबरू कराया ताकि हम उनसे प्रेरणा ले सके कि जीवन में उतार चढाव भी आते हैं, इसलिए हमें कभी हार नहीं मानी चाहिए और लड़ना सीखना चाहिए। लक्ष्य फाउंडेशन के द्वारा लक्ष्य अग्रवाल एक उभरता हुआ युवा जो कैंसर जैसे भयानक में भयावह रोग का शिकार हुआ था। इस क्रम में दिनेश मंगला ने भावुक होकर बताया की उनका लक्ष्य कैंसर से पीड़ित लोगों की मदद करना है ताकि और किसी का पुत्र या पुत्री कैंसर से अपने प्राण न त्यागे। वार्ता की मुख्य वक्ता डॉ. निष्ठा गुप्ता ने पीपीटी के माध्यम से बताया कि सर्वाइकल कैंसर सबसे ज्यादा मौतों का कारण है और हर 8 मिनट में इसके कारण एक महिला की मौत हो जाती है। उन्होंने इसके कारण ह्यूमन पेपिलोमा वायरस के लिए टीकाकरण व टीकाकरण के लिए सही उम्र से सभी को अवगत कराया। डॉ. बालकिशन गुप्ता ने प्रिवेंशन इज द बेस्ट क्यूर विषय पर अपने विचार रखें व कहा की हमें जब तक जीना है ईमानदारी से जीना है। लक्ष्य ने मरके भी वो कर दिया जो लोग 80 वर्ष जीकर भी नहीं कर पाते। डॉ. सन्नी जैन ने कैंसर से संबंधित भ्रांतियो से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर सुनील मंगला व परिजन,महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस के कोऑर्डिनेटर डॉ. जयपाल सिंह, कमल टंडन, डॉ. केएल कौशिक, डॉ. नरेश कामरा, डॉ. मनोज शुक्ला, डॉ. रामचंद्र, इकाई दो के काउंसलर सुभाष, लवकेश, रेड रिबन काउन्सलर डॉ. नेहा गोयल व अन्य प्रवक्तागण मौजूद रहे।